# ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेश्वर।।

Email-dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone no- 01372–252175

पत्रांक 5098/12–1 , गोपेश्वर, दिनांक 19/05 2017।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
गैरसैण।

विषयः– दिवालीखाल, किमोली के नारायणबगड़ मोटर मार्ग का निर्माण के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 1590/1 एल0ए0 दिनांक 27.02.2016 एवं EDS दि० 05-05-2017

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित विषयक के क्रम में आपको अवगत कराना है कि दिवालीखाल किमोली के नारायणबगड़ मोटर मार्ग प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा लगाई गई आपत्ति बिन्दु 18 में उल्लिखित है कि नक्शा के अवलोकन करने पर केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग का प्रस्तावित वन क्षेत्र भी आ रहा है। परन्तु आपके द्वारा प्रस्ताव में केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग से वन भूमि हस्तान्तरण सम्बन्धित रिपोर्ट/दस्तावेज जमा नहीं किया गया है।

अतः आप प्रश्नगत मोटर मार्ग में केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग गोपेश्वर के प्रभावित क्षेत्र का भी सम्बन्धित समस्त दस्तावेज तैयार कर नोडल अधिकारी के माध्यम से भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें, तथा एक–एक प्रति इस कार्यालय में भी उपलब्ध करायें। ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें।

भवदीय,

(एन0एम0पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर